राजस्थान के राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता 65 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति

चर्चा में क्यों?

11 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता 65 खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी।

प्रमुख बिंदु

- इन पदक विजेता खिलाड़ियों में से 46 को लिपिक ग्रेड-द्वितीय के पद पर, 14 को वनपाल के पद पर, 3 को आबकारी रक्षक के पद पर तथा 2 को कांस्टेबल के पद पर आउट ऑफ टर्न नियुक्ति प्रदान की गई है।
- प्रस्ताव के अनुसार, इन राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को राजस्थान आउट ऑफ टर्न अपॉइंटमेंट टू स्पोर्ट्स मेडल विनर रूल्स, 2017 के तहत उनकी प्रथम वरीयता के अनुसार आनुपातिक रूप से विभागों का आवंटन किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि जो खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता होने के साथ-साथ स्नातकोत्तर या स्नातक की योग्यता रखते हैं, उन्हें उनकी प्रथम वरीयता के अनुसार शासन सचिवालय तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में नियुक्ति दी गई है।
- मुख्यमंत्री की इस मंज़ूरी से खिलाड़ियों को राजकीय सेवा में कार्य करने के साथ-साथ अपनी खेल गतिविधियों को सुचारु रूप से जारी रखने में आसानी होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/65-national-level-medal-winning-sportspersons-from-rajasthan-get-out-of-turn-appointment